नई दिल्ली, मंगलवार
9 अक्टूबर 2018
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20+6=26

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

टल सकता है क्रेडिट-डेबिट कार्ड से भुगतान का संकट 12
गुजरात से पलायन जारी, योगी ने की सीएम रूपाणी से बात 13

दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए गौर सिटी में सजा भव्य पंडाल

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी सोसायटी के राधा कृष्ण पार्क में दुर्गा उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। गौर सिटी बंगाली कल्चरल एसोसिएशन द्वारा कराए जा रहे दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है।

दुर्गा पंडाल सज चुका है। दुर्गा पंडाल के साथ बंगाली कल्चरल एसोसिएशन ने भव्य भवन बनाया है। जहां दुर्गा मां की मूर्ति 14 अक्टूबर को स्थापित की जाएगी। दुर्गा महोत्सव की शुरुआत से पहले बच्चों के बीच चित्रकारी प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। इसमें सोसायटी के साथ आसपास की सोसायटी के बच्चे भी हिस्सा लेंगे। महिलाओं के साथ बच्चियां नृत्य के माध्यम से देवी स्तुति की प्रस्तुति देंगी। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि गौर सिटी में पिछले तीन साल से राधा कृष्ण पार्क में दुर्गा उत्सव पर बंगाली कल्चरल एसोसिएशन भव्य पंडाल सजाकर दुर्गा पूजा करता है। बंगाली कल्चरल एसोसिएशन के सदस्य सजल तिवारी ने बताया कि दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों में सोसायटी के लिए पिछले 15 दिनों से सदस्य जुटे है। दुर्गा महोत्सव के लिए पंडाल सज चुका है। दुर्गा महोत्सव 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा।

ग्रेनो वेस्ट के राधा कृष्ण पार्क में दुर्गा महोत्सव के लिए होती तैयारी ● जागरण

आयोजन

- बंगाली कल्चरल एसोसिएशन द्वारा की जा रही है तैयारी
- 14 अक्टूबर को दुर्गा मां की मूर्ति की जाएगा स्थापित